दिल्ली पब्लिक स्कूल जम्मू

सत्र:2024-25

अभ्यास कार्य पत्र-4

कक्षा: आठवीं   माह: नवंबर

प्र1. सहज हिंदी व्याकरण- 8 पृष्ठ संख्या 232 पर दिए गए गद्यांश(3)के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए:-

एक धनी व्यक्ति ने अपने आलसी, लापरवाह और कामचोर लड़के को कुछ कमाकर लाने के लिए कहा। लड़का काम करने के बजाय माँ के पास जाकर रोने लगा और माँ ने तरस खाकर उसे एक रुपया दे दिया। पिता के पूछने पर उसने एक रुपया अपनी कमाई का बताया। पिता अपने बेटे को अच्छी तरह जानता था। अपने बेटे को पाठ पढ़ाने के लिए उसने रुपया कुएँ में डालने को कहा और लड़के ने रुपया कुएँ में डाल दिया। अगली बार यही घटना दुबारा घटी। अब की बार उसकी बहन ने तरस खाकर एक रुपया दे दिया। पिता ने रुपया कुएँ में फेंकने को कहा और लड़के ने रुपया कुएँ में डाल दिया। अगले दिन पिता ने माँ-बेटी को बाहर भेज दिया और पुत्र को कुछ कमाकर लाने को कहा। विवश होकर अंत में लड़का स्वयं परिश्रम करके एक सेठ का सामान उसके घर पहुँचाकर चार रुपए कमाता है। इस बार पिता ने पैसे कुएँ में डालने को कहा तो लड़के ने इसका विरोध करते हुए कहा कि यह मेरी कमाई है, मैंने बहुत कष्ट उठाकर ये पैसे कमाए हैं। जब अनुभवी पिता समझ गए कि बेटा मेहनती और समझदार हो गया है तो उन्होंने अपना सारा व्यापार लड़के को सौंप दिया।

1. **किसका बेटा आलसी लापरवाह और कामचोर था?**

   क)सेठ का   ख)धनीव्यक्ति का

   ग)गरीब का   घ)लेखक का
2. **पिताजी ने रुपया कहाँ फेंकने को बोला?**

   क)पड़ोस में   ख)मोहल्ले में

   ग)कुएँ में   घ)कहीं नहीं
3. **लड़के ने सेठ का सामान कहाँ पहुँचाया?**

   क)सेठ के घर   ख)धनी व्यक्ति के घर

   ग)लड़के की माँ के घर   घ)दुकान पर
4. **लड़का काम करने के बजाय कहाँ गया और वहाँ क्या हुआ?**
5. **उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए**

प्र2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

क) प्रारंभ में इस आंदोलन में कौन-कौन सी बाधाएँ आई?

ख) शुरुआत में पुरुषों ने इस आंदोलन का विरोध किया परंतु आर. साइकिल्स के मालिक ने इसका समर्थन किया, क्यों?

प्र3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए:-

1. **रामधारी सिंह दिनकर महान कवि है (उचित विराम चिह्न का प्रयोग)**
2. **लाल बहादुर शास्त्री जी ने कहा था- जय जवान जय किसान।(उचित विराम चिह्न का प्रयोग करें)**
3. **योजक चिह्न'और 'लाघव चिह्न' का प्रयोग करते हुए एक-एक उदाहरण वाक्य के रूप में लिखिए।**

प्र4. दूरदर्शन पर प्रसारित 26 जनवरी परेड के विषय में पिता और पुत्र के बीच 8-10 पंक्तियों में संवाद लिखिए ।

प्र5. अपने विद्यालय में खेल सामग्री उपलब्ध कराने हेतु प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए।

प्र6. निम्नलिखित विषय पर 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।

***शिक्षा का महत्व**

संकेत बिंदु:-

*आगे बढ़ने की सीढ़ी *सही-गलत की पहचान

*लक्ष्य प्राप्त करना *समाज में सम्मान